## हैप्पी बर्थ-डे



**हमीरपुर** की पलक शर्मा को जन्मदिन पर हिमाचल दस्तक की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



**नादौन** कुलदीप शर्मा व मृदला शर्मा को शादी की सालगिरह पर हिमाचल दस्तक की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

## न्यूज 1 नजर में

### छात्रों को तंबाकू के दुष्प्रभाव बताए

**नादौन।** राजकीय कन्या उच्च पाठशाला धनेटा में कोटपा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से 10वीं तक की लड़कियों ने भाग लिया। इस शिविर में लड़कियों को डॉ. विशाल कुमार चिकित्साधिकारी धनेटा द्वारा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया गया और तंबाकू का सेवन न करने को कहा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से हेल्थ सुपरवाइजर नरेंद्र सिंह और स्वास्थ्य कार्यकर्ता किरण ने भी बच्चों के नशे के दुष्प्रभावों बारे विस्तारपूर्वक बताया और इससे दूर रहने का आह्वान किया। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### डेस्टिनेशन बेस्ड स्किल प्रशिक्षण शुरू

**हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर के प्राचार्य जितेंद्र सांजटा ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर द्वारा आयोजित 6 दिवसीय डेस्टिनेशन बेस्ड स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम कांगड़ा के बीड़ बिलिंग में 9 फरवरी को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की तरफ से निःशुल्क करवाया जा रहा है जिनमें 19 महिलाएं व 12 पुरुष हैं जो कि इस क्षेत्र में खान-पान संबंधी कारोबार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे लाभार्थियों की 14 फरवरी को परीक्षा ली जाएगी जो इस परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे उन्हें प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे।। विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि भारत सरकार के इस महत्वाकाशी प्रशिक्षण को करवाने के लिए संस्थान को काफी प्रशंसा मिल रही है और पर्यटन स्थल के आसपास स्थित स्ट्रीट वेंडर्स को भी काफी कुछ सीखने को मिल रहा है और अब वह भविष्य में इस प्रशिक्षण का लाभ भी उठा सकेंगे।

### मंदिर के विश्राम गृह को दिया फर्निचर

**हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय हमीरपुर ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व योजना के तहत ऊना जिला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता चिंतपूर्णी मंदिर के विश्राम गृह के लिए 7 सोफा सेट भेंट किए। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख अनिल कुमार मित्तल, मुख्य प्रबंधक विनीत अग्रवाल, उप प्रबंधक सुशील भाटिया, भरवाईं शाखा के प्रमुख सिद्धेश्वर और बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल प्रमुख अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक अपनी बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी बखूबी निर्वहन कर रहा है और बैंक समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यों में योगदान देता रहता है। इस मौके पर मंदिर अधिकारी संजीव डोगरा ने पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख और बैंक के अन्य सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### नया हाउस टैक्स न किया जाए लागू

**नादौन।** नगर पंचायत नादौन के समस्त पार्षदों ने शम्मी सोनी की अगवाई में सचिव नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि नया गृह कर लागू न किया जाए। बल्कि नए भवनों के लिए भी पुराना गृह कर ही लगाया जाए। शम्मी सोनी सहित अन्य पार्षदों का कहना था कि गृह कार्य की नई दरों के आधार पर शहरवासियों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समस्त पार्षदों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। गौर हो कि गृह कर की नई दरों के हिसाब से पूर्व गृह शुल्क में एक साथ 4 गुणा वृद्धि हो रही है, जिससे लोगों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा था इसलिए पार्षदों ने यह निर्णय लिया है। इस संबंध में नगर पंचायत सचिव हर्षित शर्मा ने बताया कि इस मामले पर चर्चा की जा रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत प्रधान तरुण कपिल, उपप्रधान योगराज, शम्मी सोनी, उषा सोंधी, सुषमा अवस्थी, सुमन कुमारी व अनिता कुमारी उपस्थित रहे।

### आईशा सूद का नया गाना रिलीज

**हमीरपुर।** आईशा सूद का हिमाचली गीत 'बशर्मा दा इलाज' वीरवार शाम 5 बजे यू टयूब चैनल पर रिलीज हो गया है। 'बशर्मा दा' इलाज वीडियो गाने की शूटिंग चिंतपूर्णी प्रोडक्शन स्टूडियो द्वारा रिकॉर्ड की गई है। जबकि गाने के इस वीडियो को नवीन ने डायरेक्शन दी है। जबकि गाने को संगीत आईशा सूद ने दिया है और 'बशर्मा दा इलाज' गाने को दानिश व आईशा सूद ने गाया है। इससे पहले भी यू टयूब पर आईशा सूद के कंवारा रेई लेंदा गाने ने लोगों की वाहवाही खूब लूटी थी।

# जिला की खड्डों में हो रहे अवैज्ञानिक खनन को लेकर सख्ती अपनाएगा विभाग

## क्रशर संचालकों को लीज की भूमि के चारों ओर बांउड्री वॉल लगाने के दिए निर्देश

राजकुमार सूद ▌हमीरपुर

**जिला** की खड्डों में हो रहे अवैज्ञानिक ढंग से खनन को लेकर अब खनन विभाग सख्ती से निपटेगा। अवैध खनन को रोकने के लिए जिला खनन विभाग ने समस्त क्रशर संचालकों को लीज पर भूमि के चारों ओर बाउंड्री लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं खड्डों में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए खनन विभाग ने माइनिंग की टीमें भी गठित की हैं। खनन विभाग की इन टीमों में माइनिंग इंस्पेक्टर, सहायक माइनिंग इंस्पेक्टर व माइनिंग गार्डों को शामिल किया गया है।

खनन विभाग की ये टीमें जिला के पांचों उपमंडलों की खड्डों में हो रहे अवैज्ञानिक खनन व अवैध खनन पर कार्रवाई करेंगी। वहीं खनन विभाग के पास स्टाफ की कमी होने के चलते अन्य विभाग के अधिकारियों को भी अवैध खनन के चालान की शक्तियां प्रदान की गई हैं। खनन विभाग ने यह ठोस कदम तब उठाए हैं जब पिछले दिनों नादौन विधानसभा क्षेत्र की 3 पंचायतों के एक हजार से ज्यादा लोग दूषित पानी पीने के कारण डायरिया की चपेट में आ गए थे। दूषित पानी का कारण अवैज्ञानिक ढंग से खड्डों में हो रहा खनन माना जा रहा है। सरकार और विभाग ने भी इस बात को माना है। हिमाचल दस्तक ने 3 फरवरी के अंक में 'जिला की खड्डों में हो रहा अवैध खनन' शीर्षक के माध्यम समाचार प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद जिला भर में हो रहे अवैध खनन को लेकर खनन विभाग हरकत में आ गया है और जिला की खड्डों का सीना छलनी करने वाले अवैध खननधारियों से सख्ती से निपटेगा।

नादौन विधानसभा क्षेत्र में डायरिया फैलने का कारण अवैध खनन माने जाने के बाद अब इसी तरह जिला के अन्य विधानसभा क्षेत्रों बड़सर, भोरंज, हमीरपुर व सुजानपुर की खड्डों में भी अवैज्ञानिक खनन व अवैध खनन को रोकने के लिए खड्डों में स्थापित क्रशर संचालकों को लीज पर मिली भूमि के चारों ओर बाउंड्री लगाने के निर्देश भी जिला खनन विभाग ने पारित किए हैं। हालांकि खनन व पुलिस विभाग ने जिला भर में जनवरी माह तक 477 अवैध खनन के मामले पकड़े थे। जिन से 15 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूला गया है, लेकिन यह कार्रवाई केवल उन छोटे खननधारियों पर हुई है जो रोजी-रोटी के चक्कर में ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत और बजरी खड्डों से निकालते हैं। लेकिन अभी तक जिला की खड्डों में अवैध खनन को अंजाम देने वाले बड़े खननधारी प्रशासन की पहुंच से बाहर हैं। जब तक खनन विभाग इन बड़े अवैध खननधारियों पर शिकंजा नहीं कसता है तब तक जिला की खड्डों का सीना छलनी होने से नहीं बच सकता है।

### अवैध खनन रोकने के लिए अन्य विभागों को दीं शक्तियां

**जिला** भर में अवैध खनन को रोकने के लिए इससे पूर्व जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चालान करने की शक्तियां दी गई थीं लेकिन पिछले एक दशक से जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग ने एक भी अवैध खनन का चालान नहीं काटा है। लेकिन अब जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए खनन विभाग ने वन विभाग, उद्योग विभाग, बीडीओ, एसडीएम व पुलिस प्रशासन को चालान करने की शक्तियां दी हैं।




*हिमाचल दस्तक में 3 फरवरी के अंक में प्रकाशित समाचार।*

### ▌विभाग ने खनन माफिया को पकड़ने के लिए बनाई माइनिंग टीमें

> क्रशर चालकों को लीज पर दी गई भूमि के चारों ओर बाउंड्री लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसकी क्रॉस वेरिफिकेशन भी विभाग करेगा। लीज पर मिली भूमि के बाहर खनन अवैध माना जाएगा। जो वाहन चालक बिना परमिशन के खड्डों से रेत, बजरी उठा रहे हैं उनके चालान काटे जा रहे हैं। खड्डों में किसी भी तरीके का अवैध खनन सहन नहीं किया जाएगा। विभाग ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगा।
>
> **-अरविंद सिंह, डिस्ट्रिक्ट माइनिंग ऑफिसर, हमीरपुर।**

# आईटीआई प्रशिक्षुओं को दी जी-20 की जानकारी

**हमीरपुर।** भारत को विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित समूह जी-20 की अध्यक्षता मिलने के उपलक्ष्य पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उटपुर के प्रधानाचार्य पीसी अत्री ने प्रशिक्षणार्थियों को 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जी-20 की स्थापना एशियाई वित्तीय संकट के बाद 1999 में हुई थी। जी-20 वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों का एक संयुक्त मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, टर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ शामिल है। पीसी अत्री ने बताया कि भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को इस समूह की कार्यप्रणाली से भी अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जी-20 में दो समानांतर ट्रैक होते हैं, वित्त ट्रैक और शेरपा ट्रैक। वित्त मंत्री और सेंट्रल बैंक के गवर्नर वित्त ट्रैक का नेतृत्व करते हैं जबकि शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शेरपा करते हैं। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने पीसी अत्री का धन्यवाद किया।



▌**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में लगाया जागरूकता शिविर**

# हमीरपुर के डॉ. रजनीश व रश्मि कंवर को दिल्ली में राज्य शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

हिमाचल दस्तक ▌हमीरपुर

**हमीरपुर** जिला के डॉ. रजनीश कंवर तथा रश्मि कंवर को शिक्षा के क्षेत्र में शानदार कार्यों के लिए राज्य शिक्षा मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन ने दिल्ली में आयोजित समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में मेरिटोरियस इनोवेशन के लिए 10 फरवरी को सम्मानित किया। गौर है कि पिछले 4 सालों से लगातार प्रदेश पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल ऑफ साइंसेज बणी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर रहा है।

राज्य शिक्षा मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन ने दिल्ली में आयोजित समारोह में रजनीश कंवर तथा रश्मि कंवर को सम्मानित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में संस्था द्वारा अर्जित उपलब्धियों के लिए बधाई भी दी। हिमाचल प्रदेश से शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाने वाला पहला संस्थान है जिसे इस साल सम्मानित किया गया है। 2 दिन पूर्व गारली में आयोजित विज्ञान उदय कार्यक्रम जिसमें विधायक इंद्रदत लखनपाल ने विद्यालय की उपलब्धियों के लिए सराहना की है। संस्था द्वारा क्षेत्र में एक उद्योग भी स्थापित किया जा रहा है जिसमें 4 हजार के करीब लोगों को रोजगार दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण परिवेश में स्वच्छता को लेकर अभियान भी चला रही है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा करकट को ठिकाने लगाने के लिए योजना तैयार की गई है। संस्था का प्रोजेक्ट वेल्थ फ्रॉम वेस्ट जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

### ▌शिक्षा के क्षेत्र में शानदार कार्यों के लिए डॉ. राजकुमार रंजन ने दिया सम्मान




*डॉ. रजनीश कंवर तथा रश्मि कंवर को शिक्षा के क्षेत्र में शानदार कार्यों के लिए सम्मानित करते राज्य शिक्षा मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन।*

### खेलों में शानदार रही हैं स्कूल की उपलब्धियां

**शिक्षा** के क्षेत्र में इस विद्यालय को मिल रहा पुरस्कार जो संस्था के प्रबंधक डॉ. रजनीश कंवर तथा प्रधानाचार्य रश्मि कंवर को दिया गया। नीति आयोग द्वारा देश के 150 स्कूलों में स्कूल को देश में आठवां स्थान दिया गया है जो हिमाचल प्रदेश के लिए भी उपलब्धि है। खेलों में भी इस विद्यालय की उपलब्धियां शानदार रही हैं इस वर्ष बैडमिंटन, बॉक्सिंग तथा दौड़ में राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

# शिवा कॉलेज बिलासपुर बना बैडमिंटन चैंपियन

## डीडीएम साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में हुई प्रतियोगिता

हिमाचल दस्तक ▌नादौन

**डीडीएम** साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में प्रदेश से आमंत्रित व मेजबान महाविद्यालय सहित कुल 12 महाविद्यालयों ने एक दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें ज्ञान ज्योति शिक्षा महाविद्यालय कांगड़ा, आरसी शिक्षा महाविद्यालय धनोट, विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय नादौन, ढलियारा, त्रिशा शिक्षा महाविद्यालय जोलसप्पड़, राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा, दीनदयाल उप्पाध्याय शिक्षा महाविद्यालय मैहरे, एसवीएन शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी, नालंदा शिक्षा महाविद्यालय हमीरपुर, शिवा शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर, आदर्श शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर तथा मेजबान महाविद्यालय ने अपने प्रतिभागियों के हुनर जांचे। श्री सत्य साई सेवा समिति के सदस्य प्रभात प्रवीण ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय भुवनेश शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता में महिला एकल में शिवा शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर विजेता व दीन दयाल उपाध्याय शिक्षा महाविद्यालय मैहर उपविजेता रहे। महाविद्यालय संकाय की एकल पुरुष प्रतियोगिता में शिवा शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर विजेता व राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा उप विजेता रहे।

महिला डबल में शिवा शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर विजेता व नालंदा शिक्षा महाविद्यालय हमीरपुर उपविजेता रहे।

### ▌प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 कॉलेजों के छात्रों ने लिया भाग



*बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि*

### भुवनेश शर्मा ने नवाजे विजेता-उपविजेता प्रतिभागी

**इस** मौके पर चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय भुवनेश शर्मा ने समस्त प्रतियोगियों को बधाई दी तथा विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को इनाम वितरित किए।

# जेईई मेन्स परीक्षा में डीएवी स्कूल हमीरपुर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



*जेईई मेन्स परीक्षा पास करने वाले छात्रों को मिठाई खिलाते स्कूल के प्रधानाचार्य व अध्यापक*

हिमाचल दस्तक ▌हमीरपुर

**नेशनल** टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग दाखिलों के लिए देश की सबसे बड़ी संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के पहले चरण यानी जनवरी सत्र के लिए पेपर 1 (बीई, बीटेक) में डीएवी हमीरपुर के मेधावियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शानदार सफलता प्राप्त की है।

डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने बताया कि घोषित रिजल्ट में मृदुल ठाकुर ने 90.93, अमन कुमार ने 88.9, रुद्राक्ष कटोच ने 87.34, अवनि ने 86.2, कृतिका सिंह ने 85.3 और रिया सिंह ने 81 परसेंटाइल हासिल कर अपने माता-पिता व विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि जेईई (मेन) 2023 की परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर इन विद्यार्थियों को देश के उच्चस्तरीय इंजीनियरिंग संस्थाओं जैसे एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों में प्रवेश का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त ये विद्यार्थी देश के विभिन्न आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली एडवांस परीक्षा में भी शामिल हो सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन आनंद स्वरूप व प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

### ▌स्कूल के 6 छात्रों ने पास की जेईई मेन्स परीक्षा

# करियर प्वॉइंट विश्वविद्यालय में आत्मरक्षा विषय पर कार्यशाला शुरू

**हमीरपुर।** करियर प्वॉइंट विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण सेल व आंतरिक शिकायत समिति द्वारा आत्मरक्षा विषय पर 7 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 9 से 17 फरवरी तक किया जा रहा है। कार्यशाला की समन्वयक डॉ. इंदू शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी विभागों से छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारी भी भाग ले सकती हैं। छात्राओं को हमीरपुर पुलिस विभाग के ट्रेनिंग ऑफिसर अश्विनी कुमार व ज्योति द्वारा सेल्फ डिफेंस के तहत आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगे। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आत्मरक्षा कौशल की प्रारंभिक स्थिति, ट्रिप्पल पंच, मिडल पंच, सिंगल हैंड ग्रिप की बारीकियां सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए। छात्राओं को साल में कम से कम एक हफ्ते की ट्रेनिंग जरूर होनी चाहिए। गर्ल्स स्टूडेंट्स की सेफ्टी एक अहम मुद्दा है और इसके लिए पूरी कोशिश करनी चाहिए। सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग इसमें अहम कदम साबित होगा। उनका कहना है कि आज के दौर में स्टूडेंटस को मुश्किल समय में अपनी सुरक्षा के लिए तैयार किया जाना बहुत जरूरी है। अपनी सुरक्षा के लिए शरीर को मजबूत बनाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी है आत्मरक्षा की कला में निपुण होना।

### ▌विवि की छात्राओं के साथ महिला कर्मचारी भी ले सकती हैं सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

# टूटे मन से कोई खड़ा व छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता : धूमल

हिमाचल दस्तक ▌हमीरपुर



**भाजपा** और कांग्रेस सरकार में बहुत अंतर है। भाजपा सरकार सत्ता में आते ही प्रदेश की जनता से किए गए वादों को पूरा करने में जुट जाती है। है जबकि कांग्रेस जब भी सत्ता में आई उसने केवल हिमाचल और यहां की जनता से छीनने का ही काम किया है।

हमीरपुर में आयोजित जिला भाजपा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने यह बात कही। विधानसभा चुनावों में जिला में एक भी सीट न जीत पाने के बाद जिला भाजपा की पहली दो दिवसीय बैठक में मायूस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को उत्साहित करने के साथ-साथ व नई ऊर्जा और जोश से भरने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया। संबोधन लंबे समय तक कार्यकर्ताओं के दिलोदिमाग पर अंकित रहेगा। विधानसभा चुनावों में मिली हार से मायूस हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता और छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता। कार्यकर्ता निराशा छोड़कर दृढ़ संकल्पित होकर पार्टी को फिर से मजबूत करने के लिए तैयार हो जाएं। अपना मन बड़ा करें और दूसरे की गलतियों को नजरअंदाज करें उन्हें माफ करना सीखें और आत्मविवेचन करें।

### ▌कहा- दूसरे की गलतियों को माफ कर आत्मचिंतन करें

## बेहतरीन सेवा के लिए 15 अप्रैल को शिमला में पदक देकर किया जाएगा सम्मानित

# हमीरपुर के पुलिस कर्मचारियों को मिलेंगे उत्कृष्ट सेवा मेडल

हिमाचल दस्तक ▌हमीरपुर


**हिमाचल** प्रदेश के सीआईडी यूनिट में तैनात जिला हमीरपुर के सुजानपुर से संबंध रखने वाले कपिल देव सडयाल को पुलिस विभाग में उत्कृष्ट पुलिस सेवा मेडल से सम्मानित किया जाएगा। सीआईडी यूनिट प्रभारी कपिल सडयाल ने कुशल कार्यक्षमता, जनता के साथ बेहतरीन संवाद के बलबूते विभिन्न पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में कई अनसुलझे मुकदमों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हमीरपुर में सेवाएं देने के दौरान कपिल ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए मेडिकल स्टारों से हजारों नशे के कैप्सूल बरामद किए थे। हमीरपुर में महत्वपूर्ण करोड़ों की अष्टधातु मूर्ति, रिश्वतखोरी, चरस, चोरी के मामलों में आला पुलिस अधिकारियों की निगरानी में काम करते हुए अपराधियों को पकड़ा। कपिल देव की पत्नी हिमाचल पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। कपिल सडयाल को पहले भी डीआईजी डिस्क अवॉर्ड तथा अति उत्कृष्ट पुलिस पदक से नवाजा जा चुका है।



▌**डीआईजी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं कपिल देव**


### वीआईपी मूवमेंट मैनेज करते हैं विपुल अनमोल



**जिला** हमीरपुर के सुजानपुर से संबंध रखने वाले व हिमाचल प्रदेश में वीआईपी मूवमेंट को मैनेज करने वाले जवान विपुल अनमोल को पुलिस विभाग द्वारा एक्सीलेंट सर्विस मेडल से नवाजा जाएगा। विपुल अनमोल वर्ष 2006 में हिमाचल पुलिस में भर्ती हुए थे। विपुल पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की सिक्योरिटी में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विपुल को हिमाचल की वीआईपी मूवमेंट को मैनेज करने की महारत हासिल है। प्रदेश भर में आने वाले विभिन्न वीआईपी की सुरक्षा की जिम्मेदारी वह संभाल चुके हैं। उन्हें 2021-22 के लिए बेहतरीन विभागीय सेवाओं हेतु एक्सीलेंट अवॉर्ड से 15 अप्रैल को शिमला में नवाजा जाएगा।

### राष्ट्रपति पदक के लिए नॉमिनेट हो चुके हैं अरविंद कुमार

**हमीरपुर।** हमीरपुर सदर थाना में बतौर एएसआई सेवाएं दे रहे अरविंद कुमार को एक्सीलेंट सर्विस मेडल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। हमीरपुर में अपने कार्यकाल के दौरान साल 2021-22 में उन्होंने कई आपराधिक वारदातों को सुलझाया और दूसरे राज्यों में छिपे कई भगोड़ा अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। एएसआई अरविंद कुमार कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर के रहने वाले हैं और साल 2000 में उन्होंने कुल्लू जिला की ब्यास नदी में डूब रही पश्चिमी बंगाल की युवती को बचाया था। इस बहादुरी के लिए साल 2002 में उन्हें प्रधानमंत्री जीवन रक्षक पद से नवाजा गया था। वर्ष 2020 में कांगड़ा जिला के धर्मशाला थाना में कार्यरत होने के दौरान अरविंद कुमार ने लाखों की चोरी करने वाले अपराधी को दूसरे राज्य में छिपे होने के बावजूद ढूंढ निकाला था। उस दौरान कांगड़ा पुलिस की तरफ से उनका नाम राष्ट्रपति पदक के लिए भी नॉमिनेट हुआ था। एएसआई अरविंद कुमार कांगड़ा जिला के पंचरुखी के रहने वाले हैं और वर्तमान में वह हमीरपुर सदर थाना में बतौर एएसआई अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



▌**कांगड़ा के पंचरुखी के रहने वाले हैं अरविंद कुमार**

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश

सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन / फैक्सः** 01975-272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

**31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही तथा नौ माह हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण** (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 31.12.2022 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 31.12.2022 को समाप्त नौ माह अनअंकेक्षित | 31.12.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 22,621 | 54,405 | 15,203 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (29,324) | (56,549) | (9,269) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (28,786) | (55,145) | (6,395) |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (28,780) | (55,112) | (6,406) |
| 5. | संचित पुनर्मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त | - | - | - |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रति अंश) | 27,728 | 27,728 | 22,192 |
| 7. | प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर–वार्षिकृत) | | | |
| | मूलभूत (रु. में) | (10.38) | (19.89) | (2.88) |
| | तरल (रु. में) | - | - | - |

**टिप्पणियाँः**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा तत्पश्चात् निदेशक मंडल द्वारा 10 फरवरी 2023 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 31.12.2022 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 31.12.2022 को समाप्त नौ माह अनअंकेक्षित | 31.12.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 17,662 | 43,011 | 9,485 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2,604) | (22,716) | (4,894) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (2,604) | (22,716) | (3,154) |

निदेशक मंडल की ओर से
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
देवांश जैन
निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 10 फरवरी 2023